

बहादुरगढ़। जागरूक महिला सेवा समिति की सदस्यों के साथ बिजेंद्र लूखड़।

## जरूरतमंद पढ़े-लिखे बच्चों की मदद करेगी जागरूक महिला सेवा समिति, सीएम से करेगी मुलाकात

**बहादुरगढ़।** कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर बिजेंद्र लूखड़ ने जागरूक महिला सेवा समिति की सदस्यों से चर्चा की। समिति अध्यक्ष मुकेश जून ने बताया कि वे गरीब पढ़े लिखे बच्चों के लिए कंप्यूटर सेंटर, लाइब्रेरी व सिलाई सेंटर चलाने की योजना बना रही हैं। वे इसे लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करेंगी। इस दौरान कार्यकारी प्रधान एडवोकेट रचना राघव, उपाध्यक्ष एडवोकेट मीनाक्षी रोहिल्ला, सचिव पूनम देवी, कोषाध्यक्ष शकुंतला देवी, सह कोषाध्यक्ष रजनी देवी, सलाहकार ललिता शर्मा, महासचिव बबीता कौशिक, महुआ गांगुली व मोहिनी मौजूद रही।

### एसपी ने अस्मिता वूमेंस स्वीमिंग प्रतियोगिता के विजेता तैराकों को किया सम्मानित

# अंडर-18 की 400 मीटर फ्री स्टाइल में हरियाणा की साम्या शिंगारी रही अव्वल

**चैम्पियनशिप में दोनों दिन प्रदेश के तैराकों का दबदबा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



■ 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में हरियाणा की जोया अग्रवाल ने पहला, दिल्ली की निशता पटेल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

शहर की एचएल सिटी में स्थित चैम्पियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्वीमिंग पूल पर चल रही अस्मिता वूमेंस स्वीमिंग चैम्पियनशिप रविवार को संपन्न हो गई। इसमें दोनों दिन हरियाणा की तैराकों का दबदबा रहा। एसीपी प्रदीप खत्री, नायब तहसीलदार प्रवीन कुमार और भाजपा नेता नवीन बंटी ने विजेता तैराकों को सम्मानित किया।

रविवार को अंडर 18 आयु वर्ग की 400 मीटर फ्री स्टाइल में हरियाणा की साम्या शिंगारी ने पहला, दिल्ली की याजुशा दहिया ने दूसरा और हरियाणा की हर्षिता ने तीसरा, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में हरियाणा की जोया अग्रवाल ने पहला, दिल्ली की निशता पटेल ने दूसरा और पंजाब की वतनदीप कौर ने तीसरा, 200 मीटर बटरफ्लाई में दिल्ली की खुशी भट ने पहला, दिल्ली की जानवी ने दूसरा और हरियाणा की ईनायत मोर ने तीसरा और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में उत्तराखंड की मनस्वी पंवार ने पहला, हरियाणा की कियाशा सतीश नायर ने दूसरा और पंजाब की अनमौलदीप कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर 15 आयु वर्ग की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में हरियाणा की सेरेना सरोहा ने पहला, उत्तराखंड की ईरा रावत ने दूसरा और उत्तरप्रदेश की सीदक कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि 18 साल और उससे अधिक आयु वर्ग की 400 मीटर फ्री स्टाइल में हरियाणा की समृद्धि विजयरन ने पहला, दिल्ली की हर्षिता लखीना ने दूसरा और उत्तरप्रदेश की दीपा यादव ने तीसरा, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में हरियाणा की प्रियांशी दलाल ने पहला, पंजाब की इमामबीर कौर संधु ने दूसरा और उत्तरप्रदेश की रिद्धी पांचाल ने तीसरा, 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में हरियाणा की भारती ने पहला, पंजाब की वंशिका ने दूसरा और दिल्ली की नंदिनी राजौरा ने तीसरा स्थान हासिल किया। एसीपी प्रदीप खत्री और नायब तहसीलदार प्रवीन कुमार ने विजेता तैराकों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। भारतीय तैराकी संघ और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने बताया कि विजेता तैराक अप्रैल में अहमदाबाद में होने वाली अस्मिता वूमेंस नेशनल स्वीमिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

## स्टेट बॉक्सिंग में गांव छारा की खनक दलाल ने जीता गोल्ड



**बहादुरगढ़।** महम बॉक्सिंग क्लब में हुई हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गांव छारा की खनक दलाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अहलावत बॉक्सिंग क्लब बहादुरगढ़ के कोच संदीप अहलावत ने बताया कि खनक दलाल ने 80 प्लस भारवर्ग में सिरसा की बॉक्सर को हराकर सेमी फाइनल जीता और फाइनल में कैथल की बॉक्सर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उसकी मां सुनीता देवी ने बताया कि खनक पहले भी बहुत अनेक मेडल जीत चुकी है। खनक का बहादुरगढ़ पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। खनक का सपना है कि ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन करें। रोहित अहलावत, बिट्टू पहलवान, अनिल अहलावत, तेजपाल सैनी, महावीर पहलवान, बलराज दलाल, अमित दहिया, अजय व संदीप सहरावत आदि ने बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी जीतने की प्रेरणा दी।

## आरपीएस स्कूल कोसली में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए करवाया स्कॉलरशिप टेस्ट



झज्जर। टेस्ट देने पहुंचे विद्यार्थियों को तिलक लगाते हुए शिक्षिका।

**झज्जर।** आरपीएस स्कूल कोसली में रविवार को स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस स्कॉलरशिप टेस्ट में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीभगवान यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण को बढ़ावा देती हैं। विद्यालय निदेशक हंसराज यादव व प्राचार्या अंजू यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। अभिभावकों ने भी विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। टेस्ट देने पहुंचे विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया।

# शिविर में 77 लोगों ने किया रक्तदान

**नीमा, क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट व जैन सेवा मंडल ट्रस्ट ने रेडक्रॉस के सहयोग से लगाया कैंप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** रविवार को लगे कैंप में रक्तदान करते जागरूक नागरिक | फोटो : हरिभूमि

रविवार को शहर के ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) द्वारा क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट बहादुरगढ़ और जैन सेवा मंडल ट्रस्ट के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रेडक्रॉस की टीम द्वारा 77 यूनिट रक्त संचय किया गया।

दरअसल, नीमा के साथ ही क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट बहादुरगढ़ और जैन सेवा मंडल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित शिविर में 107 लोगों ने पंजीकरण करवाया, लेकिन विभिन्न वजहों के कारण 30 लोगों का रक्त नहीं लिया गया। जैन ध्वज दिवस पर दीपक जैन, पंकज जैन, सुनील जैन, सौरभ जैन, नितिन जैन, अरुण जैन, अमांशु जैन व हिमांशु जैन आदि ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। नीमा की तरफ से डॉ. दीपक भारद्वाज, डॉ. कांता जाखड़, डॉ. इंदू फौगाट, डॉ. रवि, डॉ. शिवम, डॉ. अजय कुमार व डॉ. दया बंसल ने लोगों को रक्तदान का महत्व समझाया। क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के वजीर सिंह दहिया, प्रदीप रेढू, रजत छिकारा, विजयपाल, सुधीर राठी व विनोद शर्मा के साथ ही सक्षम दिव्यांग केंद्र के हयात सिंह व अनिल खुराना ने कैंप के आयोजन में सहयोग किया। तीनों संस्थाओं से जुड़े मिशन अस्पताल के निदेशक डॉ. अजय जैन के अनुसार रक्त इसलिए संचय किया जाता है कि क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति की खून की कमी से जान न जाए।

उन्होंने पात्र लोगों से नियमित, स्वैच्छिक और निशःशुल्क रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान से लोगों की जिंदगी बचाने में सहायता मिलेगी। डॉ. अजय जैन ने बताया कि रक्त और रक्त से जुड़े प्रोडक्ट्स कई लोगों की जान बचाने का काम करते हैं। गर्भावस्था और प्रसव से संबंधित रक्तस्राव से पीड़ित महिलाएं, मलेरिया और कुपोषण के कारण एनीमिया से पीड़ित बच्चे, ट्रामा, आपात स्थिति, आपदाओं और दुर्घटनाओं के शिकार, और रक्त और बोन मैरो विकार से पीड़ित लोग, हीमोग्लोबिन के वंशानुगत विकार और प्रतिरक्षा-कमी की स्थिति में लोगों को रक्त की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम सभी को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

## शहीद भगत सिंह रक्तदान सेवा संस्थान के शिविर में उमड़े युवा

■ मुख्यातिथि ग्राम प्रधान जोगेंद्र सिंह तंवर ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव बाबरा में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गांव की महाराणा प्रताप क्षत्रिय धर्मशाला में शहीद भगत सिंह रक्तदान सेवा संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में ग्राम प्रधान जोगेंद्र सिंह तंवर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सेवाएं दे रहे चिकित्सकीय टीम सदस्य मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रद्युम्न ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे हम किसी के अमूल्य जीवन को बचा सकते हैं। मुख्यातिथि द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया। शिविर में कुल 76 यूनिट एकत्रित हुआ। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन हरविंद्र, सार्थक, सुरेंद्र, भावना, काउंसलर सोमवीर राठी, परमेंद्र तंवर, ओमपाल, कंवरपाल, कर्ण सिंह तंवर, भूपेंद्र, अमित कुमार, प्रमोद तंवर, लोकेंद्र सिंह, बिट्टू राजपूत, योगेश कुमार, वीर सिंह, मनोज कुमार, हरेंद्र, सुनील कुमार, धर्मपाल, राहुल, छत्तर, योगेंद्र, विष्णु व राजकुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## अनुयायियों ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की, जैन मंदिर में कलश की स्थापना की



**बहादुरगढ़।** शहर की अग्रवाल कॉलोनी स्थित जैन मंदिर में शिखर पर कलश स्थापना का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के अनेक प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर के शिखर पर कलश स्थापित किया गया। जैन अनुयायियों ने इस अवसर पर पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ पंकज जैन, दीपक जैन, मुनीश जैन, नीरज जैन, नवीन जैन, नेमचंद जैन, मधु भूषण जैन, अमित जैन, अभय, राहुल, अश्वनी जैन, शुभम, अमांशु, मोना, मोनिका, पूजा, अंशु, नविता, रितु, पूनम, कविता, राजबाला और शशि जैन आदि ने इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने समस्त जैन समाज को बधाई देते हुए कहा कि जैन मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी आस्था, एकता और परंपराओं का जीवंत उदाहरण है। अश्वनी जैन ने कहा कि मनुष्य को प्रभु का ध्यान एकाग्रचित्त होकर करना चाहिए और अपने आचरण को शुद्ध रखना चाहिए। जब व्यक्ति का मन निष्कलंक होता है, तो उसके भीतर द्वेष और ईर्ष्या की भावना नहीं पनपती। शशि जैन ने बताया कि कलश मंगल एवं पूर्णता का प्रतीक होते हैं। शिखर दर्शन से भी उतना पुण्य मिलता है, जितना मंदिर में प्रतिमा के दर्शन करने से मिलता है। शास्त्रों में कई जगह लिखा गया है कि शिखर दर्शनम पाप नाशम। इसका अर्थ




## राई स्पोर्ट्स स्कूल के फिजिकल टेस्ट में प्रगति सैनिक स्कूल के 30 विद्यार्थी उत्तीण, डायरेक्टर ने दी बधाई

**झज्जर।** प्रगति सैनिक स्कूल के 30 होनहार विद्यार्थियों ने मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल राई के फिजिकल टेस्ट को उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर एडवोकेट अजीत खत्री ने स्कूल स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बच्चों ने देशभक्ति और लोकगीतों से बांधा समां

*देशभक्ति गीत, हरियाणवी लोकगीत, बच्चों के अभिनय, राजस्थानी कठपुतली नृत्य समेत अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों ने प्रभावित किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देते सेंट स्टीफन स्कूल के विद्यार्थी।

शहर के सेंट स्टीफन इंडियन स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि नरेश वत्स, स्कूल निदेशक राजेंद्र सिंह, चेयरपर्सन निर्मला देवी व प्राचार्या रेखा द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

स्वागत भाषण और सरस्वती वंदना के बाद विद्यार्थियों ने अनेक शानदार प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत, हरियाणवी लोकगीत, बच्चों के अभिनय, राजस्थानी कठपुतली नृत्य समेत अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों ने प्रभावित किया। अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सतीश कुमार, मदन चोपड़ा, धर्मबीर शर्मा, अजय ग्रेवाल, डा. आशा शर्मा, प्रवीन कुमारी, रोहताश शर्मा, बलबीर सांगवान, सतबीर राठी, जयभगवान नंबरदार, बलबीर दलाल, कृष्ण गोपाल विद्यार्थी, ज्ञानेंद्र राणा, ब्रह्म प्रकाश, मंजीत सांखोल व सत्यनारायण आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### कुंडली बॉर्डर से महज 15 मिनट की दूरी पर स्थित सोनीपत काउंटी

# रॉयल ग्रीन रियल्टी ने किया सोनीपत काउंटी को लॉन्च

**13.75 एकड़ में हो रहा आधुनिक और स्मार्ट सिटी का निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




■ इस टाउनशिप में 125 से 180 वर्ग गज के 207 आवासीय प्लॉट, 24 घंटे रहेगी सुरक्षा

**बहादुरगढ़।** सोनीपत काउंटी के मॉडल का अनावरण करते यशांक वासन और वरुण मखीजा।

रॉयल ग्रीन रियलटी ने कुंडली-सोनीपत में आधुनिक सुख सुविधाओं से युक्त गेटिड टाउनशिप सोनीपत काउंटी को लॉन्च किया है। हवन के साथ ही रॉयल ग्रीन रियलटी के एमडी यशांक वासन और डायरेक्टर वरूण मखीजा ने कंपनी के लग्जरी एक्सपीरियंस सेंटर और एक्सक्लूसिव सेल्स गैलरी का उद्घाटन भी किया।

लॉन्चिंग इवेंट में चैनल पार्टनर और इन्वेस्टर्स को सम्मानित करते हुए एमडी यशांक वासन ने बताया कि करीब 13.75 एकड़ की इस टाउनशिप में 125 से 180 वर्ग गज के 207 आवासीय प्लॉट हैं। सोनीपत काउंटी में 10 से 18 मीटर की आंतरिक सड़कें, सीसीटीवी सर्विलांस और 24 घंटे सुरक्षा, स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग, ईवी चार्जिंग स्टेशन, अंडरग्राउन्ट फाइबर वायरिंग और 100 प्रतिशत पॉवर बैकअप की सुविधा है।

यहां 50 हजार वर्ग फीट के क्लब हाउस के साथ स्वीमिंग पूल, जिम, बैंक्वेट हॉल और स्पोर्टस एरिना भी है। करीब 2 एकड़ के सेंट्रल ग्रीन क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। कुंडली बॉर्डर से महज 15 मिनट की दूरी पर स्थित सोनीपत काउंटी केएमपी एक्सप्रेस-वे के बेहद निकट है। निदेशक वरुण कुमार मखीजा ने कहा कि प्रीमियम और स्मार्ट जीवनशैली को समर्पित हरित वातावरण में तमाम आधुनिक सुख सुविधाएं उपलब्ध होंगी। रॉयल ग्रीन रियल्टी सोनीपत में 100 एकड़ में रिहायशी प्रीमियम कॉलोनी के प्रॉजेक्ट विकसित करने पर काम कर रही है।

# आरपीएस विद्यालय में गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** हवन करते हुए पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस विद्यालय ने अपनी सुविधाओं में विस्तार करते हुए छात्राओं के लिए एक नवनिर्मित एसी गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित भव्य हवन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में आरपीएस प्रबंधन समिति की सेक्रेटरी बिमला देवी, एडवोकेट नरेन्द्र राव, चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रेम राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सेक्रेटरी बिमला देवी ने कहा कि एक शिक्षित बेटी न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज का भविष्य संवारती है।

उन्होंने बेटियों के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल देते हुए इस आधुनिक छात्रावास को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि उनका उद्देश्य बेटियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें एक ऐसा सुरक्षित और घर जैसा पोषणकारी वातावरण प्रदान करना है। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि इस हॉस्टल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि छात्राओं को प्रतिस्पर्धा के इस युग में पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम माहौल मिल सके। वहीं, डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने स्पष्ट किया कि परिसर में तकनीक और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि यह नया भवन 'आराम और उत्कृष्टता' का अनूठा मिश्रण है। यह केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक जीवंत समुदाय है, जहां भविष्य के नेताओं का पोषण होगा। यह पूरी तरह से वातानुकूलित विशाल और हवादार कमरे जो समकालीन इंटीरियर से सुसज्जित है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अध्ययन क्षेत्र, एक सुसज्जित पुस्तकालय व हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा, 24/7 सीसीटीवी निगरानी, आधुनिक सुरक्षा उपकरण, समर्पित वार्डन की तैनाती, अत्याधुनिक नवनिर्मित रसोईघर व स्वच्छ भोजनालय (हाइजीनिक डाइनिंग हॉल), जहां पौष्टिक और संतुलित भोजन परोसा जाएगा। मनोरंजन व खेल सुविधाएं भी इसी भवन के अंदर इंडोर व आउटडोर खेल मैदान और एक आधुनिक मनोरंजन लाउंज, अनुशासन के साथ-साथ यहां नियमित मार्गदर्शन सत्र, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर अकाउंट ऑफिसर देवेंद्र यादव, उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, विंग हेड देवेंद्र पुनिया, पवन तिवारी, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनीता अहलावत, राजकुमार, राजसिंह इंदौरा सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नवरात्र में माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

# मन्नत मांगने को माता के दर पर नंगे पांव पहुंचे श्रद्धालु




झज्जर। माता भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा, दर्शन करने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

- प्रशासनिक स्तर पर भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने माता के कूष्मांडा स्वरूप का पूजन किया। धर्मनगरी बेरी स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार सहित माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। रविवार को भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कई घंटों के इंतजार के बाद माता के दर्शन किए और अपने परिवार की सुख समृद्धि की मन्नत मांगी। दिनभर मंदिर परिसर माता के जयकारों के गूंजता रहा। उधर, प्रशासनिक स्तर पर भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में है और काफी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

#### माता के प्रति अपार श्रद्धा है

*नवरात्रों के दौरान लोगों में माता के प्रति अपार श्रद्धा देखी जाती है। नौ दिनों के दौरान श्रद्धालु अपार श्रद्धा के साथ माता का व्रत रखते हैं। ऐसे में कुछ श्रद्धालु तो नौ के नौ दिन नंगे पैर रहकर व्रत करते हैं तो कोई केवल दूध के सहारे रहते हैं। नवरात्रों में कई श्रद्धालु तो ऐसे देखे जाते हैं जो यहां आते हैं पूरे नौ दिन मौन व्रत भी रखते हैं। अष्ठमी व नवमी के दिन तो माता के दर्शन करने वाले व प्रसाद चढ़ाने वाले ऐसे श्रद्धालु भी मिल जाते हैं जो मन्नत पूरी होने पर पेट के बल पर कई किलोमीटर की दूरी तय करके माता के दर पर पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं में विश्वास है कि माता भीमेश्वरी देवी सबकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं और धन्य धान्य में वृद्धि करती है।*

# कैंब्रिज स्कूल में विद्यार्थियों की करवाई स्वास्थ्य जांच

- प्राचार्य डॉ. मनजीत कुमार ने चिकित्सकीय टीम का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। शिविर के दौरान मुख्यातिथि के साथ उपस्थित चिकित्सकीय टीम एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फोर्टिस हॉस्पिटल व मानेसर की विशेषज्ञ टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। टीम का नेतृत्व डॉ. शौर्य द्वारा किया गया। टीम सदस्यों में शामिल डॉ. हिमांशु व डॉ. स्वाति ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की तथा आवश्यक परामर्श भी दिया। कैंब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एडवोकेट शरद राव तथा डायरेक्टर डॉ. नेहा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य डॉ. मनजीत कुमार ने चिकित्सकीय टीम का आभार जताया।

# भविष्य के लिए पानी बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




- वैश्य आर्य शिक्षण महिला कॉलेज की स्वयंसेविकाओं ने विश्व जल दिवस पर किया जागरूक

बहादुरगढ़। अपने परिजनों को जल संरक्षण का संदेश देती स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को अपने आसपास आमजन को जल संरक्षण का संदेश दिया। नेहा, कन्नू, आभा, अनिता, कशिश शर्मा, मेघा, लिपिका, योगिता, तन्नु, सुनैना व हर्षिता आदि स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर और प्रभावशाली स्लोगन के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने बताया कि जल प्रकृति की अमूल्य धरोहर है। पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि विश्व जल दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को पानी के महत्व के प्रति जागरूक करना है। जल के बिना जीवन की अधिकांश गतिविधियां प्रभावित हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि जल की कमी अब केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह एक वैश्विक समस्या बन चुकी है। अतः हमें जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए और इसे व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए। सभी से अपील करते हुए कहा कि हमें जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए, इसे व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं जागरूक बने और दूसरों को भी पानी बचाने के लिए प्रेरित करे।

# विद्यार्थियों की समस्याओं पर चर्चा कर तलाशा समाधान



झज्जर। साइकोलॉजिस्ट और अभिभावक सहभागिता कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक।

**झज्जर।** तिरंग इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए साइकोलॉजिस्ट और अभिभावक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या नीलम मल्हान ने बताया कि कार्यक्रम में साइकोलॉजिस्ट डॉ. प्रिंस गुप्ता ने विद्यार्थियों की समस्याओं जैसे पढ़ाई का दबाव, आत्मविश्वास की कमी, तनाव एवं व्यवहारिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन और आत्म-नियंत्रण के महत्वपूर्ण उपाय बताए। कार्यक्रम में आमंत्रित अभिभावकों ने बच्चों की भावनात्मक और मानसिक आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझा। इसके उपरांत इंटरेक्टिव सत्र में विद्यार्थियों और अभिभावकों ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा करते हुए विशेषज्ञ से समाधान प्राप्त किया। डायरेक्टर उषा गहलोत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि उनकी शैक्षणिक प्रगति को भी नई दिशा देते हैं। उन्होंने डॉ. प्रिंस गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## ट्राले की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

**कोसली।** लूखी के निकट रविवार शाम ट्रॉले की चपेट में आकर साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। कारोली निवासी सज्जन यादव साइकिल लेकर किसी कार्य से लूखी गया था। लूखी से लौटते समय कोसली की ओर से जा रहे एक ट्रॉले ने उसे टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने के बाद सज्जन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस की ईआरवी व नाहड़ चौकी से पुलिस मौके पर पहुंच गए। ट्रॉला चालक हादसे के बाद फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने ट्रॉला चालक की तलाश शुरू कर दी।

## ट्रैफिक पुलिस पोस्ट के पास गंदे पानी में मिला युवक का शव

**धारूहेड़ा।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर पुलिस पोस्ट के पास भरे दूषित पानी में रविवार को एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास किए। शिनाख्त नहीं होने के कारण पुलिस ने शव सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ट्रैफिक पुलिस पोस्ट से कुछ दूरी पर एकत्रित हो रहे गंदे पानी में शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**रेवाड़ी।** रोहतक नेशनल हाइवे पर गंगायचा टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शव की शिनाख्त नहीं होने के कारण उसे सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। शनिवार की रात एक व्यक्ति टोल प्लाजा के पास सड़क पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आ गया। उसका शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद थाना सदर पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास के गांवों में सूचना देकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए, परंतु सफलता नहीं मिली। बाद में शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस के अनुसार मौत का कारण एक्सिडेंट माना जा रहा है। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

# बादली में जल संचय के तरीके समझाए

- जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण की अहमियत हमारे लिए हमेशा सर्वोपरि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। विश्व जल दिवस पर आयोजित स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी।

विश्व जल दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को बादली गांव में कैंप का आयोजन कर लोगों को जल के महत्व से अवगत कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सीजेएम विशाल ने बताया कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण की अहमियत हमारे लिए हमेशा सर्वोपरि रही है। आज की बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीरण और जल प्रदूषण के कारण पानी की कमी एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुकी है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

#### बच्चों को जल के महत्व से अवगत करवाया

यह दिन लोगों को जल के महत्व के प्रति जागरूक करने और इसके सतत उपयोग की और प्रेरित करने के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि विश्व जल दिवस स्कूलों में संचालित लीगल लिट्रेसी क्लब में पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, कंपीटिशन के माध्यम से भी बच्चों को जल के महत्व से अवगत कराया गया। वहीं पैरा लीगल वालंटियर नेहा ने किशोरियों के साथ विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाले सेवाओं व व जल संरक्षण के प्रति विश्व जल दिवस की शुरुआत व संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य 2030 तक सभी के लिए स्वच्छ जल और स्वच्छता को प्राप्त करने पर चर्चा की। उन्होंने इस वर्ष की थीम जल और लैंगिक समानता पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान किशोरियों के साथ चर्चा की गई कैसे वे अपने छोटी-छोटी आदतों से दैनिक जीवन में जल का विवेकपूर्ण उपयोग करके , वर्षा जल संचयन और जल निकायों को प्रदूषित होने से बचाव कर सकती है।

## राजयोग करके घर को बना सकते हैं स्वर्ग : बीके रजनी



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में शामिल ब्रह्माकुमारियां व गुरुकुल की पूर्व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सेक्टर-13 शाखा द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुदेश बहन के आग्रह पर नरेला गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने वाली बहनों को आमंत्रित किया गया था। लगभग 30 बहनों ने प्रोग्राम में अपने अनुभव साझा किए। वरिष्ठ शिक्षिका बीके रजनी दीदी ने घर को स्वर्ग बनाने के लिए हम राजयोग से स्वयं को काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार मुक्त बना सकते हैं। उन्होंने सभी को राजयोग का अभ्यास भी कराया। बीके अंजलि दीदी ने कहा कि जब हम अपने जीवन में आध्यात्मिकता को अपनाते हैं, तो हमारे जीवन में एक दिव्यता आती है। बीके रेणु दीदी ने बताया कि गुरुकुल की शिक्षा प्रणाली प्रशंसनीय है। बच्चे को जीने का सही तरीका सिखाती है। कार्यक्रम में शारदा, प्रतिभा, महिंद्रा, प्रजा, मनीष, कमल, शिक्षा व जयंती आदि ने विचार रखे। जानवी ने अपने नृत्य से सभी का स्वागत किया। नव्या ने अपने भजन से सभी को प्रभावित किया। कन्या गुरुकुल लोवा कलां की मुख्य संचालिका विद्या बहन ने भी गुरुकुल की शिक्षा पद्धति के बारे में बताया। बीके संदीप ने मंच संचालन करते हुए प्रेरणादाई भजन सुनाया। बीके महेश भाई ने भी भजन से शिक्षा दी। इस मौके पर अर्जुन, प्रीति बहन, निधि बहन व ममता बहन आदि मौजूद रहे।

# संस्कारम् विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आगाज तीन अप्रैल से

- सम्मेलन में प्रगतिशील किसानों को भी आमंत्रित किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। संस्कारम विश्वविद्यालय का फाइल फोटो।

संस्कारम विश्वविद्यालय पाटौदा में आगामी तीन अप्रैल से ग्लोबल इम्पैक्ट्स ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड वेटरनरी इनोवेशन्स विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. गुरदियाल सिंह ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं किसानों को एक मंच पर लाकर आधुनिक कृषि पद्धतियों, पशु चिकित्सा क्षेत्र में नवाचारों तथा सतत विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा करना है। सम्मेलन में विजय सिंह दहिया आईएएस, प्रधान सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा सरकार, प्रोफेसर डॉ. सूतावत बेंचकुल, निदेशक सीफूड विज्ञान एवं नवाचार, पद्मश्री प्रोफेसर डॉ. एमएल मदान पूर्व कुलपति, डुवासु, आईसीएआर डॉक्टर इंद्रजीत सिंह, कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. एनएच मोहन निदेशक, आईसीएआर राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल, डॉ. रमेश्वर सिंह अध्यक्ष,सोसाइटी फॉर बायोलॉजिकल साइंस रिसर्च एंड मैनेजमेंट, डॉ. जीवीपीपीएस रवि कुमार, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पशु जैव प्रौद्योगिकी प्रभाग, आईसीएआर–राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो करनाल, डॉ. गजेंद्र यादव, प्रधान वैज्ञानिक मृदा एवं फसल प्रबंधन प्रभाग आईसीएआर – केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल, डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, पूर्व डीन, कामधेनु वेटरिनरी कॉलेज, रायपुर, छत्तीसगढ़ सहित राष्ट्रीय स्तर के एक सौ से अधिक साइंटिस्ट भाग लेंगे।

#### कार्यक्रम में पोस्टर प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ताओं के व्याख्यान, तकनीकी सत्र, मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इनके अलावा सम्मेलन में प्रगतिशील किसानों को भी आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि वे कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और नवाचारों का लाभ उठा सकें।

### स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एजुकेशन ने कैमलगढ़ में लगाया शिविर

# स्वयंसेविकाओं को किया तनाव प्रबंधन और नशा मुक्ति विषय पर जागरूक

- युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। शिविर में शिक्षकों के साथ उपस्थित स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एजुकेशन द्वारा कैमलगढ़ गांव में आयोजित सात दिवसीय शिविर में रविवार को स्वयंसेविकाओं को तनाव प्रबंधन व नशा मुक्ति विषय पर जागरूक किया गया। दिन की शुरुआत योग और ध्यान सत्र के साथ हुई। आचार्य बलदेव ने स्वयंसेविकाओं को मानसिक शांति और संतुलित जीवन के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता यादव और मुकेश रानी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र में जिला सामान्य परामर्शदाता डॉ. चंद्रभान यादव ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को तनाव और घबराहट से निपटने के व्यावहारिक तरीके सिखाए। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए उन्होंने इसके निवारक उपायों और जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा कई खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। डॉग एंड द बोन खेल में साक्षी की टीम विजेता रही, जबकि ग्रूव एंड ग्रुप्स रेनू आर्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पासिंग द पार्सल खेल में लोपामुद्रा ने पहला, खुशी ने दूसरा व नेहा ने तीसरा स्थान हासिल किया। सांस्कृतिक संध्या में अनीशा और मोनाली का नृत्य उत्कृष्ट रहा।




झज्जर। सीबीपी ट्रेनिंग की इनहाउस मीटिंग में उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षकों को सभी प्रारूपों में तैयार करती है सीबीपी ट्रेनिंग : हेमंत

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में रविवार को कैपसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की इनहाउस मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में शिक्षकों ने लर्निंग आउटकम्स एंड पेडागोजी विषय पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी ने सरल व सहज रूप से शिक्षकों को गहनतम जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी अध्यापक की शिक्षण विधि ऐसी कला या विज्ञान होनी चाहिए, जो सामान्य से सामान्य छात्र की समझ में आ जाए। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को बच्चों की समझ, भाषाई विकास, अभिव्यक्ति और पढ़ने-लिखने की क्षमता के अनुसार विभिन्न विधियां अपनानी चाहिए। हमारे पढ़ाने और सिखाने का कौशल तभी सार्थक होगा, जब अंतिम पंक्ति के विद्यार्थी को भी समझ में आ जाए। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सीबीपी की ट्रेनिंग वास्तव में शिक्षकों को अनेक माध्यम से सभी प्रारूपों में तैयार करती है। इस मौके पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया और सचिव विशाल नेहरा ने भी अधिगम प्रतिफल की शिक्षण विधि पर अपने विचार व्यक्त किए।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। आग लगने के बाद दुकान में जला सामान।

### सेक्टर 6 में शॉर्ट सर्किट से जनरल स्टोर में लगी आग, भारी नुकसान

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-6 स्थित ऋषि जनरल स्टोर में शनिवार देर रात करीब आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगते ही लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लेने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि दुकान में रखे सामान को नुकसान पहुंचा है। इससे दुकानदार को लाखों रुपये की हानि हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो यह आसपास की अन्य दुकानों तक फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था।

### मायके गई महिला ने देवर पर लगाया घर में आग लगाने का आरोप

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया में एक घर में आग लगने का मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित महिला ने अपने ही देवर पर आगजनी का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर थाना बादली में बीएनएस की धारा 324 (4) और 326 (जी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दी शिकायत में नैना ने बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले गांव बुपनिया में हुई थी। पति के लापता होने के बाद वह अपने बेटे के साथ मायके सांखोल में रह रही थी। उसे सूचना मिली कि 14 मार्च की रात को बुपनिया स्थित उसके घर में आग लग गई। जब वह मौके पर पहुंची तो घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। आग में एलईडी टीवी, फ्रिज, इनवर्टर बैटरी, डबल बेड, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, संदूक व वॉशिंग मशीन समेत अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया है कि उसके देवर रवि ने ही घर में आग लगाई है।

## नौगांवा में राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार, ग्रामीणों ने लगाए शहीद अमित अमर रहे के नारे

# लेफ्टिनेंट अमित को अंतिम विदाई देने उमड़े गांववासी, फौजियों ने दी सलामी



झज्जर। लेफ्टिनेंट अमित सिंह के परिजन को तिरंगा सौंपते हुए सैन्य अधिकारी।

**महाराष्ट्र के बेलगांव में स्वीमिंग करते समय अचानक हार्ट अटैक आने से उखड़े प्राण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव नौगांवा के वीर सपूत लेफ्टिनेंट शहीद अमित सिंह को रविवार सायं पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। जैसे ही वीर सपूत अमित जाखड़ का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हजारों की संख्या में उमड़े जनसमूह ने नम आंखों से अपने लाल को अंतिम विदाई दी और भारत माता की जय व अमित सिंह अमर रहे के नारों से वातावरण गूंज उठा। जानकारी के अनुसार लेफ्टिनेंट अमित सिंह को महाराष्ट्र के बेलगांव में स्वीमिंग करते समय अचानक हार्ट अटैक आया, जिससे उनका आकस्मिक निधन हो गया। लेफ्टिनेंट अमित सिंह 23 अप्रैल 2021 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के बल पर उन्होंने अल्प समय में ही अपनी अलग पहचान बनाई। देश सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहते हुए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान देकर मातृभूमि का गौरव बढ़ाया, जिस पर समूचे क्षेत्र को गर्व है।

शहीद अमित सिंह अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। उनके पिता राजसिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और परिवार का सेना से गहरा जुड़ाव रहा है। पुत्र की शहादत से परिवार को जहां अपार दुख पहुंचा है, वहीं इस बलिदान पर उन्हें गर्व भी है। लेफ्टिनेंट अमित सिंह के पार्थिव शरीर पर यूनिट आठ मद्रास से कर्नल दिनेश, लेफ्टिनेंट कर्नल हरीश बूरा, मेजर प्रणय मित्तल, राहुल मलिक, सूबेदार सी.डी. रेड्डी, हवलदार कृष्ण कुमार ने पुष्प चक्र चढ़ाकर नमन किया। वहीं जिला प्रशासन की ओर से बीडीपीओ मातनहेल अंजली शर्मा, नायब तहसीलदार नवदीप, जिला सैनिक बोर्ड से बिजेंद्र सिंह, रोहतास सिंह, सुकरमपाल तथा अजय कुमार के अलावा जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, मनीष बंसल, पूर्व जिला पार्षद राकेश जाखड़, पार्षद अनिल पहलवान, सरपंच अजय कुमार सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजनों ने भाग लेकर नम आंखों से विदाई दी।

**बहन बोली- मैं भी सेना में जाऊंगी**



अंतिम विदाई के दौरान शहीद की बहन ऋतु ने नम आंखों के साथ कहा कि उसे अपने भाई पर गर्व है। भाई ने देश के लिए बलिदान दिया है और अब वह भी सेना में जाकर देश सेवा करना चाहती है।





झज्जर। लेफ्टिनेंट अमित सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए सेना के जवान एवं अन्य।

## गुरुकुल महाविद्यालय में दो दिवसीय 110वें वार्षिकोत्सव का आगाज

# ब्रह्मचारियों ने योग के बल पर गले से मोड़े सरिये व रोकी जीप, 24 का किया सम्मान

- स्वामी ओमानंद सरस्वती को 24वें स्मृति दिवस पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय में रविवार से दो दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू हो गया। गुरुकुल के अधिष्ठाता आचार्य विजयपाल ने बताया कि इस 110वें वार्षिक महोत्सव व स्वामी ओमानंद सरस्वती के 24वें स्मृति दिवस कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्मचारियों द्वारा ईश्वर की प्रार्थना से की गई। यज्ञशाला में डॉ. जगदेव ने जहां लोगों को यज्ञ के महत्व की जानकारी दी वहीं भजनोपदेशक कुलदीप व आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने वेदों पर उपदेश दिया। वार्षिकोत्सव में स्वामी सुमेधानंद, रमेश आर्य, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, डॉ. योगानंद शास्त्री, आचार्य प्रद्युम्न, स्वामी देवव्रत, आचार्य इंद्रपाल शुक्रताल, बहन कलावती आचार्या, लाढौत गुरुकुल से आचार्य नंद किशोर, महावीर शास्त्री भालौठ, विजयपाल शास्त्री चंडीगढ़ व भजनोपदेशक सत्यवीर ने व्याख्यान व भजनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को आर्य जगत की महिमा से अवगत कराया। इस दौरान आयोजित विशेष सम्मान कार्यक्रम में स्वामी ओमानंद सरस्वती के 24 विद्वान संन्यासी शिष्यों व ब्रह्मचारियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्वामी ओमानंद निधि न्यास के मंत्री रामवीर शास्त्री की ओर से प्रदान किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वामी प्रणवानंद ने स्वामी ओमानंद द्वारा गुरुकुल व आर्य जगत के उत्थान में किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर चर्चा की।



झज्जर। व्यायाम प्रदर्शन के दौरान गले से सरिया मोड़ते हुए ब्रह्मचारी।



झज्जर। वार्षिकोत्सव के दौरान उपस्थित आचार्य व अन्य गणमान्य अतिथि।

**ब्रह्मचारियों ने किया व्यायाम प्रदर्शन**



वार्षिकोत्सव में सायं करीब चार बजे गुरुकुल के ब्रह्मचारियों द्वारा सार्वदेशिक आर्यवीर दल के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामी देवव्रत सरस्वती व अनिल शास्त्री के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के व्यायामों का प्रदर्शन किया, ब्रह्मचारियों ने योगासन, दंड बैठक, जिम्नास्टिक, मलखंभ, लाठी, भाला, तलवार, धनुष-बाण, लोहे के सरिए को गले से मोड़ना, प्राणायाम और ब्रह्मचर्य के बल से बेल तोड़ना व जीप रोकने जैसे हैरत अंगेज करतब दिखाए, जिन्हें देखकर उपस्थित लोग दंग रह गए।

## तीन मैराथन इवेंट्स में जीते बीआरजी के धावक



बहादुरगढ़। जीत के बाद पुरस्कार प्राप्त करने वाले बीआरजी के धावक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रविवार को आयोजित तीन अलग-अलग मैराथन इवेंट्स में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने अपनी कड़ी मेहनत और जुनून का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। पंजाब के माहिलपुर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह मैराथन, गुरुग्राम में हुई टफमैन हाफ मैराथन और बीएसजी हाफ मैराथन में भी बीआरजी के धावकों ने टॉप रैंक हासिल की।

बीआरजी के संचालक दीपक छिल्लर ने बताया कि पंजाब के माहिलपुर में आयोजित शहीद-ए-आजम भगत सिंह मैराथन में बीआरजी के राजेश कुमार ने तीसरा स्थान, कृष्णा राणा दूसरा स्थान, 40 से 50 आयु वर्ग में सरिका यादव ने दूसरा स्थान और रोहतास कुमार ने चौथा स्थान हासिल किया। ब्रह्म प्रकाश मान ने 21 किलोमीटर दौड़ को 1 घंटा 32 मिनट में पूरा कर अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। राज कपूर मोर ने 10 किलोमीटर दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की। गुरुग्राम में आयोजित टफमैन हाफ मैराथन में बीआरजी के अनिल राठी, प्रदीप कुमार, अविनाश, रोहित कुमार, अमित चौधरी, मनोज शौकीन, आशुतोष कुमार सिंह, उरिरेई देवी, कविता सिकरी, डॉ. संतोष कुमार, सुनील सिकरी, नरेंद्र जांगड़ा, सौरभ शौकीन, रिंकी राणा, सुमित राणा, नीरज छिल्लर, दीपक छिल्लर, किरण छिल्लर, कौशल शर्मा और गुलाब सिंह सहित कई धावकों ने भाग लिया। इस इवेंट में संदीप ने 10 किलोमीटर में दूसरा स्थान, गुलाब सिंह ने 21 किलोमीटर में दूसरा स्थान, विहान छिल्लर ने 10 किलोमीटर चाइल्ड कैटेगरी में पहला स्थान, नरेंद्र जांगड़ा ने 10 किलोमीटर में ओवरऑल दूसरा स्थान और आयु वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। देवेश ने भी 21 किलोमीटर दौड़ पूरी की। बीएसजी हाफ मैराथन में जितेंद्र गौतम ने 5 किलोमीटर दौड़ पूरी की और अभिमन्यु हुड्डा ने 5 किलोमीटर में दूसरा स्थान हासिल किया।

## डीसी ने कालाबाजारी पर दी सख्त चेतावनी

# अवकाश के बावजूद आज होगी गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी

- 21 मार्च को जिले में 7300 सिलेंडर का था स्टॉक
- 45 कमर्शियल गैस सिलेंडर शादी समारोह के लिए दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को लगातार सिलेंडरों की डिलीवरी दी जा रही है। जो भी असामाजिक तत्व चोरी-छिपे गैस की कालाबाजारी करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रूप से रखे गए सिलेंडर भी निरन्तर जब्त किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को गैस एजेंसियों का नियमित अवकाश होने के बावजूद जनता की सुविधा के लिए होम डिलीवरी सेवा जारी रहेगी। वहीं, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक राजेश्वर मुदगिल ने बताया कि 21 मार्च को सायं पांच बजे तक जिले में कुल 7300 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध था। इसमें से बुकिंग के अनुसार सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित की गई है। अब तक जिले में 45 कमर्शियल गैस सिलेंडर शादी समारोह के लिए उपलब्ध करवाए जा चुके हैं।



## मजदूरों पर भारी पड़ रही गैस किल्लत

**छोटे सिलेंडरों में खुली गैस के दाम तीन से चार गुना बढ़े, फैक्ट्रियों में भी कम हुआ काम**

बहादुरगढ़। मजदूर कल्याण मंच के जिला सचिव कामरेड सतीश कुमार ने प्रवासी मजदूरों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने बताया कि मजदूर घरेलू गैस की भारी किल्लत व कमी के कारण खाना बनाने में असमर्थ हैं। उद्योगों को मिलने वाली कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी और कच्चे माल की महंगाई के कारण कई कंपनियों के बंद होने से मजदूरों को घर वापस जाने को मजबूर होना पड़ गया है। सतीश कुमार के अनुसार छोटे-छोटे सिलेंडर में एक-दो किलो गैस भरवानी पड़ती है। यह पहले 100 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मिलती थी, लेकिन अब ब्लैक में 300-400 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से मिल रही है। ज्यादातर मजदूरों को गैस मिल भी नहीं रही है। इसलिए बहुत सारे मजदूर घर पलायन करने को मजबूर हैं। उनके अनुसार न्यूनतम वेतन पहले ही कम है और वो भी बहुत सारी कंपनियों में नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार मजदूरों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें पलायन से रोके।

### आज फिर बूंदाबांदी के बने आसार

**बहादुरगढ़।** रविवार को मौसम खुशनुमा बना रहा। बीते दिनों हुई बारिश से गर्मी पूरी तरह से गायब दिखी। दिन का तापमान भी कम होकर 28 डिग्री तक पहुंच गया। फिलहाल बादलों की आवाजाही बनी हुई है। जिसके चलते 27 मार्च तक मौसम सुहावना बना रह सकता है। रविवार को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सोमवार को फिर से हल्की बारिश के आसार हैं। इस दौरान गरज के साथ बिजली चमकने की संभावना है। बता दें कि तीन दिन पहले हुई बरसात व तेज हवा चलने से सैकड़ों एकड़ फसल बिछ गई थी। किसानों ने मुआवजे की मांग की है।

# विधायक वत्स के फार्म हाउस पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा बोले-नाराजगी दूर करने नहीं, आशीर्वाद देने आया हूं

**राज्यसभा चुनाव के बाद से वत्स बदले-बदले आ रहे थे नजर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राज्यसभा चुनाव के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इसी हलचल के बीच पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा रविवार को बादली से विधायक कुलदीप वत्स के फार्म हाउस पर पहुंचे। यहां विधायक कुलदीप वत्स और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं से मिलने के उपरांत भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वत्स के नवविवाहित भतीजों को आशीर्वाद दिया। बता दें कि राज्यसभा चुनाव के बाद से ही कुलदीप वत्स कुछ उखड़े हुए नजर आ रहे हैं और उनके कई बयान भी सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी को भी शिकायत करने की बात कही थी।

बाद में मीडिया से रूबरू होते हुए एक सवाल के जवाब में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वे किसी नाराजगी को दूर करने नहीं, बल्कि पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ रोज पूर्व कुलदीप वत्स के भतीजों की शादी हुई थी। जिसमें वे शामिल नहीं हो पाए थे, इसलिए बच्चों को आशीर्वाद देने पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सवालों के गोल मोल जवाब दिए। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में चार विधायकों की वोट जानबूझकर रद्द की गई। उन्होंने कहा कि क्रॉस वोटिंग मामले में संबंधित विधायकों को नोटिस दिया गया है, मामले में अंतिम निर्णण पार्टी आलाकमान द्वारा लिया जाएगा। वहीं चहेते विधायकों को बचाने के सवाल पर उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। बाद में भूपेंद्र सिंह हुड्डा कुलदीप वत्स को अपनी गाड़ी में बैठाकर रवाना हो गए।



झज्जर। गांव हसनपुर स्थित फार्म हाउस पर विधायक कुलदीप वत्स के साथ बातचीत करते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं अन्य।

**ऐसा कोई नोट नहीं बना जो मुझे खरीद सके**

वत्स ने कार्यकर्ताओं से कहा कि दुनिया में ऐसा कोई भी नोट नहीं बना है, जो आपके बेटे व आपके भाई को खरीद सके। आपने मुझे विधायक बनाकर भेजा है। आपके सम्मान में कोई कमी नहीं आने दूंगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय यादव, पूर्व चेयरमैन प्रदीप हुड्डा, पूर्व पार्षद राव नाहर सिंह, यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, सुभाष गुर्जर, मुन्ना पंडित व अखिल राहड़ सहित अन्य भी मौजूद रहे।

**खेल** | मांडोठी के निकट विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन, दिखे रोमांचक मुकाबले

# राकेश जून ने सोनू अखाड़े में दिया 21 लाख रुपये दान

- डीसी, एसडीएम व विधायक समेत अन्य अतिथियों ने किया पहलवानों को प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मांडोठी के निकट स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में आयोजित विशाल कुश्ती दंगल के दौरान एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने 21 लाख रुपये देने का ऐलान किया। इस राशि से अखाड़े में पहलवानों के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, एसडीएम अभिनव सिवाच और विधायक राजेश जून ने भी पहलवानों को प्रोत्साहित किया। अखाड़ा संचालक हिंद केसरी सोनू पहलवान व अर्जुन अवार्डी धर्मेंद्र पहलवान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि हरियाणा के पहलवानों ने विश्व पटल पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिताओं में हमेशा देश का नाम रोशन किया है। सरकार ने खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। विजेताओं को नकद इनाम के साथ सरकारी नौकरी देकर उनका भविष्य भी सुरक्षित कर रही है। उन्होंने युवाओं से खेलों में हिस्सा लेने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। एसडीएम बहादुरगढ़ अभिनव सिवाच ने कहा कि खेल खासकर कुश्ती और कबड्डी हरियाणा की पहचान है। युवा पीढ़ी को ऐसे आयोजनों से खेलों में अपना भविष्य बनाने की प्रेरणा मिलती है। एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने अपनी नेक कमाई से अखाड़े के लिए 21 लाख रुपए की धनराशि देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि कुश्ती पारंपरिक खेल है और हरियाणा इसमें सबसे अग्रणी है।

दंगल में विधायक राजेश जून ने भी पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती मुकाबलों का शुभारंभ करवाया। उनके अनुसार भाजपा सरकार नगद इनाम राशि, पदक अनुसार सरकारी नौकरी और मान सम्मान दे रही है। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कोच राकेश सांगवान ने पहलवानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। हरियाणा की धरती ने देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पहलवान दिए हैं।

इस मौके पर एसीपी प्रदीप खत्री, अर्जुन अवार्डी ओमबीर, रमेश गुलिया, अशोक गर्ग, राजपाल जांगड़ा, संजय जून, मुकेश कौशिक, भूरू पहलवान, देवेंद्र दलाल व राजेश दलाल आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन डीसी, एसडीएम व राकेश जून।